सांवरिया की कसक जिया में

सांवरिया की कसक जिया में,चैन एक पल आवे ना,
ऐसो रंग चढ़ायो तेने,और रंग कोई भावे ना,

तेरे केश घने हैं कारे,मोटे नैना कजरारे,
नागिन सी लट घुघरारी,ऐ श्याम पिया मतवारे,
मतवारी तेरी चाल सलोनी,क्यों मेरे घर आवे ना,
ऐसो रंग चढ़ायो....................

तेरे संग में राधा प्यारी लगती है सबसे नियारी,
अद्भुत है छवि तुम्हारी,श्री राधारमण बिहारी,
इस युगल छवि पे मे जाऊ,क्यों मोहे दरश करावे ना,
ऐसो रंग चढ़ायो..................

रो रो के समय बिताऊं,तेरे विरह मै मर जाऊं,
मुझे चैन पड़े ना तब तक,जो मै तेरा ना हो जाऊं,
एक बार अपनाले प्यारे,अब ज्यादा तड़पावे ना,
ऐसो रंग चढ़ायो..................

अवधेश राणा,मथुरा
6395870827

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/12856/title/sanwariyan-ki-kasak-jiya-me-chain-ek-pal-aawe-na

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |